Quadrant II – Transcript and Related Materials

Programme: Bachelor of Arts (First year)

Subject: Hindi

Paper Code: HNA 101

Paper Title: Sanpreshan Kaushal

Unit: 01

Module Name: Ling

Module No: 07

Name of the Presenter: Ms. Nijawana. D. Mulla

Notes

लिंग

लिंग संस्कृत का शब्द है।

जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति की जाति का पता चलता है, उसे लिंग कहते है।

जैसे पुरुष, नारी, बैल, गाय, शेर, शेरनी, बालक-बालिका आदि। लिंग को अंग्रेजी में **Gender** कहते है।

लिंग के प्रकार

हिन्दी में दो लिंग - पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग
संस्कृत में तीन लिंग - पुल्लिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग

स्त्रीलिंग

प्राणियों के स्त्री समूह को बतानेवाली संज्ञायें स्त्रीलिंग है।
जैसे- स्त्री, देवी, अध्यापिका, बालिका, लड़की आदि

उदा. लड़की घर जा रही है।

स्त्रीलिंग की पहचान

जिन संज्ञा शब्दों के पीछे 'ई', 'इया', 'आवट', 'आनी', 'आइन', 'इन' आदि लगा होता है, वे स्त्रीलिंग है।
जैसे- बोली, डिबिया, थकावट, महारानी, पंडिताइन, धोबिन आदि।

भाषा, बोलियों तथा लिपियों के नाम जैसे- हिन्दी, संस्कृत, देवनागरी, अंग्रेजी, अरबी, अवधी, ब्रजभाषा आदि।
तारीखों और तिथियों के नाम जैसे- पहली, दूसरी, पुर्णिमा, अमावस्या, एकादशी आदि।

नदियों के नाम जैसे- गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा आदि।

नक्षत्रों के नाम जैसे- आश्विनी, भरणी, रोहिणी, रेवती, मृगशिरा आदि।

राशि के नाम जैसे- कुम्भ, मीन, सिंह, मेष, कर्क आदि।

पुल्लिंग

प्राणियों के पुरुष समुदाय को बतानेवाली संज्ञायें पुल्लिंग है। जैसे- पुरुष, देव, अध्यापक, बालक, पंडित, लड़का आदि।

उदा. पंडित जी पूजा कर रहे है।

पुल्लिंग की पहचान

जिन शब्दों के पीछे 'आ', 'पन', 'पा', 'अक', तथा 'न' आता हो ,वे पुल्लिंग होते है। जैसे-गायक,लड़का,बुढ़ापा,लेन-देन आदि।

जो नाम पुल्लिंग होते है,वे इस प्रकार है-
दिनों के नाम जैसे- सोमवार, मंगलवार, बुधवार आदि।
पर्वतों के नाम जैसे- हिमालय, हिमाचल, कैलाश आदि।

धातुओं के नाम जैसे- सोना, तांबा, पीतल, लोहा आदि।

नक्षत्रों के नाम जैसे- सूर्य, चंद्र, राहू, आकाश, शनि आदि।

महीनों के नाम जैसे- फरवरी, मार्च, चैत, आषाढ़, फागुन आदि।

द्रव्यों के नाम जैसे- पानी, तेल, पेट्रोल, घी, शरबत, दही आदि।
अनाजों के नाम जैसे- गेहूँ, बाजरा, चना, जौ आदि।

हिंदी में कुछ प्राणिवाचक शब्द जैसे- स्त्रीलिंग उदा. सभा, जनता, भीड़, समिति, टोली।
पुल्लिंग उदा. कुटुम्ब, परिवार, मंडल, समाज, संघ।

शरीर के कुछ अंग पुल्लिंग, जैसे नाखून, कान, हाथ, पैर, होठ, अंगूठा, सिर, घुटना, आदि।
शरीर के कुछ अंग स्त्रीलिंग हैं जैसे जीभ, आँख, कलाई, उंगली, चोटी, टांग, भावें आदि।

कुछ प्राणिवाचक शब्द पुल्लिंग, जैसे मच्छर, चीता, बीच्छु, पक्षी, कछवा, खटमल, खरगोश आदि।
कुछ प्राणिवाचक शब्द स्त्रीलिंग होते हैं जैसे तितली, कोयल, मकड़ी, मैना, मछली आदि।

पुल्लिंग और स्त्रीलिंग दोनों में प्रयुक्त होनेवाले शब्द, जैसे- प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, चित्रकार, पत्रकार, वकील आदि।

कुछ पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द

पुल्लिंग	**स्त्रीलिंग**
लेखक	लेखिका
फूफा	बुआ
ऊँट	ऊँटनी
सेवक	सेविका
पुजारी	पुजारिन

चूहा	चुहिया
हाथी	हथनी
पंडित	पंडिताइन
कवि	कवयित्रि
शिक्षक	शिक्षिका